पृष्ठ सं0 ......................

हरकोर्ट बटलर
प्राविधिक विश्वविद्यालय,
कानपुर, उ0प्र0

# टिप्पणी एवं आदेश

अनुभाग / विभागः **शैक्षिक अनुभाग**

पत्रावली सं0 358/Acad/2023

दिनांकः 15.07.23

**मा0 कुलपति महोदय**

कृपया विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की दिनांक जुलाई 12, 2023 को ऑफलाइन/ ऑनलाइन सम्पन्न 16वीं बैठक के कार्यवृत्त निम्नवत् हैः

अतः उक्त कार्यवृत्त आपके अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

15.07.2023

Dean Academic Affairs
HBTU, Kanpur

Approved as modified
Pl. issue.

15/7/2023

DCAA

कुलपति
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय
कानपुर–2

**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की विद्या परिषद् की दिनांक जुलाई 12, 2023 को सम्पन्न 16वीं बैठक का कार्यवृत्तः**

विद्या परिषद् की सम्पन्न 16वीं बैठक में निम्नवत् सदस्यगण ऑफलाइन/ऑनलाइन वीडियो कान्फ्रेन्सिंग द्वारा उपस्थित हुयेः

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 समशेर, कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | श्रीमती कल्पना अवस्थी, अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 3. | प्रो0 योगेश एम0 जोशी, आचार्य, प्रतिनिधि निदेशक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर। | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 4. | प्रो0 विनीत कंसल, निदेशक, आई0ई0टी0 लखनऊ, प्रतिनिधि मा0 कुलपति, डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ। | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 5. | प्रो0 जे0 राम कुमार, आई0आई0टी0, कानपुर। | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 6. | प्रो0 अनिल वर्मा, आई0आई0टी0, दिल्ली। | सदस्य |
| 7. | प्रो0 आर0एस0 यादव, एम0एन0एन0आई0टी0, प्रयागराज। | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 8. | प्रो0 विशाल वर्मा, डी0टी0यू0, दिल्ली। | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 9. | प्रो0 कृष्णराज, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 10. | प्रो0 रीना सिंघल, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ केमिकल टेक0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 11. | प्रो0 सी0एल0 गहलौत, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बेसिक एण्ड एप्लाइड सांइस एवं विभागाध्यक्ष, रसायन विभाग एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 12. | प्रो0 नरेन्द्र कोहली, अधिष्ठाता, शोध एवं विकास एवं विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 13. | प्रो0 रेखा बाली, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ ह्यूमिनाटीज एण्ड सोशल सांइसेज, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 14. | प्रो0 सुनील कुमार, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 15. | प्रो0 अरूण मैथानी, अधिष्ठाता, उद्भवन हब एवं विभागाध्यक्ष, पेन्ट टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 16. | प्रो0 रघुराज सिंह, अधिष्ठाता, योजना एवं स्त्रोत जनन, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 17. | प्रो0 यदुवीर सिंह, अधिष्ठाता, सतत् शिक्षा और आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 18. | प्रो0 रामनरेश, अधिष्ठाता, स्कूल आफ इन्टरप्रोन्योंशिप एण्ड मैनजमेन्ट एवं प्रभारी केन्द्रीय पुस्तकालय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 19. | प्रो0 प्रदीप कुमार, परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| 20. | प्रो0 दिप्तीक परमार, विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 21. | प्रो0 ए0के0 संखवार, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 22. | प्रो0 आशीष कपूर, विभागाध्यक्ष, केमिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 23. | प्रो0 अलक कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, फूड टेक0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 24. | प्रो0 इन्दिरा निगम, विभागाध्यक्ष, प्लास्टिक टेक0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 25. | डा0 पी0के0एस0 यादव, विभागाध्यक्ष, ऑयल टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 26. | प्रो0 वी0के0 यादव, विभागाध्यक्ष, मानविकी विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 27. | प्रो0 एस0के0 शर्मा, विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 28. | प्रो0 राम औतार, विभागाध्यक्ष, गणित विभाग एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 29. | डा0 सी0एन0 सिंह, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 30. | डा0 आशीष त्रिवेदी विभागाध्यक्ष, मैनेजमेन्ट स्टडीज विभाग (एस0ओ0ई0 एण्ड एम0) एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 31. | डा0 ललित कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, बायोकेमिकल इंजी0 एवं सह अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 32. | श्री सुमन्त चटर्जी, विभागाध्यक्ष, लेदर टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 33. | डा0 विनय प्रताप सिंह, प्रभारी कार्यशाला, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 34. | प्रो0 अनिता यादव, प्रभारी, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 35. | प्रो0 आनन्द कुमार, अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप एवं विभागाध्यक्ष, मैकेनिकल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य–सचिव |

**बैठक में निम्नवत् सदस्य उपस्थित नहीं हो सके :**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निदेशक, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज। | सदस्य |
| 2. | निदेशक, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, लखनऊ। | सदस्य |
| 3. | प्रो0 बी0आर0 गुर्जर, आई0आई0टी0, रूड़की। | सदस्य |

विद्या परिषद् के सदस्य–सचिव द्वारा ऑफलाइन / ऑनलाइन वीडियो कान्फ्रेन्सिंग से हो रही परिषद् की बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया एवं अध्यक्ष, विद्या परिषद् की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई।

**मद सं0 16.01** **विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की दिनांक 21.02.2023 को सम्पन्न 15वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की दिनांक 21.02.2023 को सम्पन्न 15वीं विद्या परिषद् की बैठक के कार्यवृत्त पर पुष्टीकरण किया।

**मद सं0 16.02** **विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की दिनांक 21.02.2023 को सम्पन्न 15वीं बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की दिनांक 21.02.2023 को सम्पन्न 15वीं विद्या परिषद् की बैठक में लिये गये निर्णयों पर हुई कृत कार्यवाही के विवरण पर अनुमोदन प्रदान किया। साथ ही परिषद् ने मद सं0 15.06.02 में विश्वविद्यालय के भौतिक विभाग में बी0एस0 (Physics of Advanced Materials and Devices) नवीन पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये जाने का प्रस्ताव आगामी विद्या परिषद् की बैठक में प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये।

**मद सं0 16.03** **विश्वविद्यालय के परीक्षा परिषद् की बैठक के कार्यवृत्त के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने परीक्षा परिषद् की बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करते हुये छात्र–छात्राओं से सम्बन्धित Transcript को डिजिटली उपलब्ध कराने हेतु National Academic Depository (NAD) में सम्मिलित करने के निर्देश दिये।

**मद सं0 16.04** **विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2022–23 (अद्यतन) सेवायोजन की स्थिति पर विचार के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2022–23 (अद्यतन) में विभिन्न पाठ्यक्रमों में अन्तिम वर्ष के अध्ययनरत् छात्रों के सेवायोजन का संज्ञान लेते हुए विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेन्ट अनुभाग के प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया।

**मद सं0 16.05** **विश्वविद्यालय की 19वीं प्रवेश समिति की बैठक के कार्यवृत्त के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की 19वीं प्रवेश समिति की बैठक के कार्यवृत्त पर विचार किया। इस सम्बन्ध में सूच्य है कि शैक्षिक सत्र 2023–24 में प्रवेश के सम्बन्ध में दिनांक 24.06.2023 को सम्पन्न कार्य परिषद् की बैठक के मद सं0 23.18.01 में प्रवेश की अर्हता अंक में परिवर्तन / शिथिलता सम्बन्धी प्रस्ताव पर परिषद् ने उक्त प्रकरण को विद्या परिषद् के माध्यम से लाये जाने के निर्देशित किया। कार्य परिषद् ने यह भी अपेक्षा की है कि विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश अर्हता अंक परिवर्तन / शिथिलता के परिलक्षित प्रभाव का डाटा संरक्षित कर उक्त से कार्य परिषद् को अवगत कराया जाय। कार्य परिषद के निर्देशानुसार उक्त प्रकरण को विद्या परिषद के विचार हेतु प्रस्तुत किया गया, जिस पर परिषद ने अपना अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 16.06** **विश्वविद्यालय के अधीन स्व–वित्तपोषित नवीन स्कूल ऑफ इन्टप्रोन्योर्सशिप एण्ड मैनेजमेन्ट के मैनेजमेन्ट स्टडीज विभाग में संचालित बी0बी0ए0, एम0बी0ए0 एवं पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम के बी0ओ0एस0 पैनल में विद्या परिषद् द्वारा विशेषज्ञों को नामित किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों के अनुसार विश्वविद्यालय के अध्यापित विभिन्न विषयों के पाठ्यविन्यास एवं पाठ्यचर्चा के निर्धारण, सतत् मूल्यांकन की प्रकिया के निर्धारण, परीक्षकों के नामों की अनुशंसा आदि के लिये स्कूल ऑफ इन्टप्रोन्योर्सशिप एण्ड मैनेजमेन्ट के मैनेजमेन्ट स्टडीज विभाग में संचालित बी0बी0ए0, एम0बी0ए0 एवं पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम के बी0ओ0एस0 पैनल हेतु 02 वाह्य विषयक विशेषज्ञों का नामांकन 02 वर्षो के लिये अनुमोदन प्रदान किया, जिनका विवरण निम्मवत है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **1.** | Prof. Srinivasan R. Iyengar, Director, Jamanlal Bajaj Institute of Management Studies, Mumbai | **2.** | Prof. Ramendra Singh, IIM, Kolkata |

परिषद् ने यह भी निर्देश दिये कि विभागीय बोड ऑफ स्टडीज का गठन करते हुये बी0बी0ए0 एवं एम0बी0ए0 पाठ्यक्रमों के कोर्स विन्यास एवं मूल्यांकन पद्धति को शीघ्र अंतिम रूप दे। साथ ही उक्त के लिए अध्यक्ष, विद्या परिषद् एवं मा0 कुलपति महोदय को अनुमोदन हेतु अधिकृत किया।

**मद सं0 16.07** **विश्वविद्यालय के अधीन स्व–वित्तपोषित नवीन स्कूल ऑफ इन्टप्रोन्योर्सशिप एण्ड मैनेजमेन्ट के मैनेजमेन्ट स्टडीज विभाग में संचालित बी0बी0ए0 एवं एम0बी0ए0 पाठ्यक्रमों के निर्धारित शिक्षण शुल्क की संरचना के आंतरिक मदों में संशोधन के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय के अधीन स्व–वित्तपोषित नवीन स्कूल ऑफ इन्टप्रोन्योर्सशिप एण्ड मैनेजमेन्ट के मैनेजमेन्ट स्टडीज विभाग में संचालित बी0बी0ए0, एम0बी0ए0 एवं पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम के शिक्षण शुल्क के आंतरिक मदों के संशोधन के प्रस्ताव को विश्वविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रमों के शिक्षण शुल्क में एकरूपता के दृष्टिगत परिषद् ने सहमति नहीं प्रदान की तथा कुल शुल्क को आय का श्रोत मानने पर सहमति दी।

मद सं0 16.08 **विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग में संचालित M.Sc. (Opto Electronics) पाठ्यक्रम के नाम में संशोधन किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग में संचालित पाठ्यक्रम के नाम में परिवर्तन करते हुये M.Sc. (Opto Electronics) के स्थान पर M.Sc. Physics with Specialization in Opto Electronics किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

मद सं0 16.09 **विश्वविद्यालय के रसायन विभाग में संचालित एम0एस0सी0 केमिकल सांइसेस पाठ्यक्रम के नाम में संशोधन किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विवारोपरान्त विश्वविद्यालय के रसायन विभाग में संचालित पाठ्यक्रम के नाम में परिवर्तन करते हुये M.Sc. Chemical Sciences के स्थान पर M.Sc., Chemistry (Chemical Sciences) किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

मद सं0 16.10 **विश्वविद्यालय के रसायन विभाग के एम0एस0सी0 पाठ्यक्रम के कोर्स विन्यास एवं मूल्यांकन पद्धति पर विचार के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय के रसायन विभाग के एम0एस0सी0 पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष के कोर्स विन्यास एवं मूल्यांकन पद्धति पर अनुमोदन प्रदान किया।

मद सं0 16.11 **विश्वविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं हेतु स्पेशल कैरीओवर की परीक्षा सम्पन्न कराये जाने पर विचार के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं हेतु स्पेशल कैरीओवर परीक्षा सम्पन्न कराये जाने पर अपना अनुमोदन प्रदान किया। व्यवहारिक कठिनाईओं के दृष्टिगत परीक्षा नियंत्रक के अनुरोध को स्वीकार करते हुये शैक्षिक सत्र 2022–23 के स्पेशल कैरीओवर की परीक्षा में केवल बी0टेक0 तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के छात्र–छात्राओं को सम्मिलित किये जाने पर परिषद् ने अपनी सहमति प्रदान की।

मद सं0 16.12 **विश्वविद्यालय के मानविकी विभाग द्वारा बी0टेक0 पाठ्यक्रम में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं हेतु Departmental Minor Course Basket के सम्बन्ध में प्रस्ताव प्रेषित।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के मानविकी विभाग द्वारा बी0टेक0 पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार बी0टेक0

पाठ्यक्रम में **Departmental Minor Courses Basket** के प्रस्ताव पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 16.13** **विश्वविद्यालय के गणित विभाग में नवीन पाठ्यक्रम BS/MS (Mathematics and Data Science) प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के गणित विभाग में नवीन पाठ्यक्रम BS/MS (Mathematics and Data Science) प्रारम्भ किये जाने के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुये 30 की प्रवेश क्षमता एवं वार्षिक शिक्षण शुल्क रू0 80000/– के साथ पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 16.14** **विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, उद्‌भवन हब द्वारा प्रेषित उ0प्र0 स्टार्टअप नीति 2020 के तहत ई–प्रकोष्ठ (ई–सेल) गठन किये जाने के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, उद्‌भवन हब द्वारा प्रेषित उ0प्र0 स्टार्टअप नीति 2020 के तहत ई–प्रकोष्ठ (ई–सेल) गठन किये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 16.15** **विश्वविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् छात्रों द्वारा शैक्षिक कैलेण्डर में निर्धारित कतिपय शैक्षिक कार्यक्रमों में कार्यवाही पूर्ण न करने पर विलम्ब शुल्क (Penalty) लगाये जाने के प्राविधान पर विचार के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों द्वारा शैक्षिक गतिविधियों जैसे पंजीकरण, इनरोलमेन्ट एवं परीक्षा फार्म भरने हेतु जैसी कार्यवाही समय से पूर्ण न किये जाने पर दण्डात्मक शुल्क बढ़ाये जाने पर सहमति व्यक्त करते हुये शैक्षिक गतिविधियों को समय से पूर्ण कराने हेतु अन्य विकल्पों पर भी विचार किये जाने के निर्देश दिये।

**मद सं0 16.16** **विश्वविद्यालय के आगामी दीक्षान्त समारोह की तिथि निर्धारण, मुख्य अतिथि नामित एवं नवीन पाठ्यक्रम हेतु परिधान धारण किये जाने के सम्बन्ध में।**

मा0 कुलपति महोदय ने परिषद् को अवगत कराया है कि अक्टूबर माह के दूसरे सप्ताह में दीक्षान्त समारोह के आयोजन किये जाने के सम्बन्ध में अनुरोध मा0 राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0 को प्रेषित किया गया है।

परिषद् ने विश्वविद्यालय के आगामी दीक्षान्त समारोह में मुख्य अतिथि नामित किये जाने हेतु समिति गठन किये जाने के लिए अध्यक्ष, विद्या परिषद् एवं मा0 कुलपति महोदय को अधिकृत किया।

विश्वविद्यालय के आगामी दीक्षान्त समारोह में नवीन पाठ्यक्रम एम0बी0ए0, एम0एस0सी0 एवं बी0बी0ए0 के उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं द्वारा परिधान धारण किये जाने पर निम्नवत अनुमोदन प्रदान किया :

| **क्र0 सं0** | **पाठ्यक्रम** | **परिधान का रंग** |
|---|---|---|
| 1. | बी0टेक0 एवं बी0बी0ए0 | नारंगी |
| 2. | एम0टेक0, एम0बी0ए0 एवं एम0एस0सी0 | पीला |
| 3. | एम0सी0ए0 | लाल |
| 4. | पी0एच0डी0 | हरा |

**मद सं0 16.17** **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार विश्वविद्यालय के एम0टेक0 पाठ्यक्रमों के कोर्स विन्यास एवं मूल्यांकन पद्धति के प्रारूप पर अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में विश्वविद्यालय के एम0टेक0 पाठ्यक्रमों के कोर्स विन्यास एवं मूल्यांकन पद्धति के तैयार प्रारूप पर विभागो के साथ पुनः चर्चा करते हुये अंतिम रूप देने हेतु निम्नवत् समिति का गठन किया:

1. प्रतिकुलपति
2. अधिष्ठाता, शोध एवं विकास
3. अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप

साथ ही परिषद् ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार विश्वविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रमों के अध्यादेश में अपेक्षित संशोधन हेतु गठित समिति में अधिष्ठाता, शोध एवं विकास को सम्मिलित किये जाने के निर्देश दिये। शैक्षिक सत्र 2023–24 में प्रवेश के दृष्टिगत परिषद् ने अध्यक्ष, विद्या परिषद् एवं मा0 कुलपति महोदय को अनुमोदन हेतु अधिकृत किया।

**मद सं0 16.18** **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार विश्वविद्यालय के बी0टेक0 एवं एम0टेक0 पाठ्यक्रमों के कोर्स नामांकन हेतु Alpha Numeric Course Number निर्धारण किये जाने के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय के बी0टेक0 एवं एम0टेक0 पाठ्यक्रमों के कोर्स नामांकन हेतु Alpha Numeric Course Number निर्धारण किये जाने के प्रस्ताव पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 16.19** **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार विश्वविद्यालय के बी0टेक0 एवं एम0टेक0 पाठ्यक्रमों के कोर्स विन्यास एवं मूल्यांकन पद्धति तथा विस्तृत कोर्स सिलेबस तैयार कर अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय के सभी बी0टेक0 पाठ्यक्रमों के कोर्स विन्यास एवं मूल्यांकन पद्धति तथा विस्तृत कोर्स सिलेबस पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 16.20** **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य मद पर विचार।**

**मद सं0 16.20.01** **विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् द्वारा नामित केमिकल इंजी0 विभाग की बी0ओ0एस0 विशेषज्ञ के नामांकन में परिवर्तन किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् द्वारा पूर्व में नामित केमिकल इंजी0 विभाग की बी0ओ0एस0 के वाह्य विशेषज्ञ Prof. Gautam Deo, IIT Kanpur के स्थान पर Prof. Jitendra Sangwai, IIT Madras को नामित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 16.20.02** **शैक्षिक सत्र 2023–24 से विश्वविद्यालय में विदेशीय / अंतराष्ट्रीय छात्रों के प्रवेश लिये जाने के सम्बन्ध में।**

शैक्षिक सत्र 2023–24 से विश्वविद्यालय में विदेशीय / अंतराष्ट्रीय छात्रों के प्रवेश हेतु पॉलिसी/गाइडलाइन का अनुमोदन किया तथा अंतराष्ट्रीय छात्रों के प्रवेश में सभी सरकारी संस्थानों से सम्पर्क स्थापित करने के निर्देश दिये।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

15.07.2023

(डा0 आनन्द कुमार)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया–कलाप
एवं
सदस्य–सचिव, विद्या परिषद्